## श्री संदीप कुमार सिंघल, उपमहानिदेशक राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र, मुख्यालय का मध्यप्रदेश दौरा

श्री संदीप कुमार सिंघल, उपमहानिदेशक राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र, मुख्यालय शासकीय भ्रमण पर दिनांक : 11/09/2025 को भोपाल पहुचे, जहाँ रानी कमलापति रेलवे स्टेशन पर श्री मथुरा लाल अहिरवार, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी, भोपाल एवं श्री नंदलाल बुनकर, अनुभाग अधिकारी, एनआईसी मध्यप्रदेश द्वारा उनकी अगवानी तथा स्वागत किया गया ।






श्री सिंघल, उपमहानिदेशक द्वारा अपने मध्यप्रदेश भ्रमण के प्रथम चरण मे एनआईसी जिला केंद्र, नर्मदापुरम का निरीक्षण किया गया। उन्हे जिला सूचना विज्ञान अधिकारी श्री मनीष गुणवान द्वारा जिला केंद्र की कार्यप्रणाली तथा गतिविधियों की विस्तृत जानकारी दी गई ।




दिवस के अपराह्न मे सतपुड़ा भवन, भोपाल स्थित एनआईसी मध्यप्रदेश राज्य केंद्र में श्री सिंघल का आगमन हुआ | यहाँ राज्य सूचना विज्ञान अधिकारी श्री कमलेश जोशी द्वारा उनका स्वागत किया गया | यहाँ सर्व प्रथम उन्होंने कार्यालय परिसर का भ्रमण किया।



श्री कमलेश जोशी द्वारा परिसर में विभिन्न कार्यालयीन गतिविधियों के लिए उपलब्ध व्यवस्थाओं से उन्हें अवगत कराया गया । श्री सिंघल ने कार्यालय परिसर में स्थित विभिन्न शाखाओं, डाटा सेंटर, सभाकक्ष, वी.सी. कक्ष इत्यादि तथा कंटेनर तकनिकी उत्कृष्टता केंद्र के लिए तैयार सुविधाओं का भी निरीक्षण किया । उन्होंने परिसर के व्यवस्थित रखरखाव और उपलब्ध सुविधाओं की सराहना की।



इसके उपरांत उपमहानिदेशक महोदय एवं राज्य सूचना विज्ञान अधिकारी की उपस्थिति में एनआईसी राज्य केंद्र, मध्यप्रदेश के सभी प्रभाग-प्रमुखों के साथ बैठक का आयोजन हुआ | अधिकारियों से संक्षिप्त परिचय उपरांत विभिन्न प्रभागों की कार्यप्रणाली तथा कार्यालय की गतिविधियों से सम्बंधित लगभग सभी विषयों और पहलुओं पर विस्तृत चर्चा की गयी ।

उपमहानिदेशक महोदय ने सभी उपस्थित अधिकारियों से समग्र कार्यप्रणाली को और सदृढ़ बनाने के लिए सुझाव आमंत्रित किये, जिन पर उन्होंने एनआईसी मुख्यालय स्तर से यथा संभव कार्यवाही हेतु आश्वासन दिया ।






अंत में राज्य सूचना विज्ञान अधिकारी, श्री जोशी द्वारा उपमहानिदेशक महोदय को सभी की ओर से हार्दिक आभार ज्ञापित किया गया ।



-- व्ही. एन. गुर्जर
अति राज्य सूचना विज्ञान अधिकारी (जिला)